# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 271/2025

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित तथा स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) कार्यक्रम एवं परीक्षा के उपरांत परीक्षाफल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित तथा स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत/अनुमति प्राप्त नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा विद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. निदेशानुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के अंतर्गत **सैद्धान्तिक परीक्षा दिनांक 19.11.2025 से 22.11.2025 तक** एवं **प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 24.11.2025** को आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम कंडिका–5 में अंकित है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित करने हेतु सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रश्न पत्र भेजा जाएगा, जहाँ से विद्यालय के प्रधान **दिनांक 10.11.2025 से 18.11.2025 तक** की अवधि में स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न पत्र प्राप्त कर लेंगे।

3. विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में नियमित रूप से अध्ययनरत् एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं का शामिल होना अनिवार्य है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में वही छात्र/छात्रा सम्मिलित होंगे, जिनकी उपस्थिति उनके विद्यालय में न्यूनतम 75 प्रतिशत हो। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। यदि उक्त कोटि के परीक्षार्थी किसी विषय/विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं अथवा अनुपस्थित रहते हैं अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण (Fail) रहते हैं, तो वैसे परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा। पूर्ववर्ती (Ex) कम्पार्टमेन्टल (Compartmental), एकल विषय अंग्रेजी (Single Subject English) एवं सम्मुनत (Betterment/Improvement) कोटि के छात्र/छात्रा को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है।

4. अंकनीय है कि गत वर्ष की भाँति उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की व्यवस्था (प्रणाली) को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन परीक्षाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो एवं इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थी वास्तविक रूप से समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने के मापदण्ड पर अपने अर्हता एवं योग्यता प्रमाणित कर सकें। इस उद्देश्य से निदेशक (मा0 शि0) के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–12/2020–557, दिनांक 18.09.2020 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई की जानी हैः–

**(i)** उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों का विषयवार निर्धारण समिति स्तर पर किया गया है तथा इसकी आपूर्ति समिति द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इस पर होने वाला व्यय समिति द्वारा वहन किया जाएगा और इसके लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**(ii)** समिति द्वारा आपूरित प्रश्न पत्र का प्रारूप माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि परीक्षार्थी पूर्व से ही समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

**(iii)** उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन पूर्व व्यवस्था के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के स्तर पर ही किया जाएगा।

**5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–**

**Programme of Secondary Sent-up Examination, 2025**
**(For Annual Exam. 2026)**

**सैद्धान्तिक परीक्षा**

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | द्वितीय पाली (Second Shift) |
|---|---|---|
| 19.11.2025 (बुधवार) | मातृभाषा (101–हिन्दी, 102–बंगला, 103–उर्दू एवं 104–मैथिली) **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:45 बजे तक)** | द्वितीय भारतीय भाषा (105–संस्कृत, 106–हिन्दी 107–अरबी, 108–फारसी एवं 109–भोजपुरी) **(अपराहन 02:00 बजे से अपराहन 05:15 बजे तक)** |
| 20.11.2025 (गुरूवार) | 112–विज्ञान **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:15 बजे तक)**<br>125–संगीत (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:15 बजे तक)** | 111–सामाजिक विज्ञान **(अपराहन 02:00 बजे से अपराहन 04:45 बजे तक)** |
| 21.11.2025 (शुक्रवार) | 110.गणित **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:45 बजे तक)**<br>126–गृह विज्ञान (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:45 बजे तक)** | 113–अंग्रेजी (सामान्य) **(अपराहन 02:00 बजे से अपराहन 05:15 बजे तक)** |
| 22.11.2025 (शनिवार) | ऐच्छिक विषय (114–उच्च गणित, 115–वाणिज्य, 116–अर्थशास्त्र, 121–फारसी 122–संस्कृत, 123–अरबी एवं 124–मैथिली) (पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:45 बजे तक) (117–ललित कला, 118–गृह विज्ञान, 119–नृत्य एवं 120–संगीत) **(पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराहन 12:15 बजे तक)** | ऐच्छिक विषय (व्यावसायिक ट्रेड) 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile)] 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) **(अपराहन 02:00 बजे से अपराहन 05:15 बजे तक)** |

**प्रायोगिक परीक्षा**

**दिनांक 24.11.2024 (सोमवार)** को **प्रथम पाली** में ऐच्छिक विषय यथा–117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120–संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के द्वारा 125–संगीत विषय सहित) एवं **द्वितीय पाली** में व्यावसायिक ट्रेड 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

**नोटः– दोनों पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। स्पॉस्टिक (Spastic), दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जायेगा।**

6. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत/अनुमति प्राप्त नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि अपने विद्यालय के प्रधान से संपर्क कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा देने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

7. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाए। उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित कर निम्नांकित पंजी में प्राप्तांक प्रविष्ट कर परीक्षाफल का विवरण (Excel Format, English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 02.12.2025 तक** अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**8. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 का प्राप्तांक पंजी :–**

**(i) उत्प्रेषित (Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रप्रत्र :**

| SL. NO. | SCHOOL CODE | SCHOOL / +2 SCHOOL NAME | REGISTRATION NO. & YEAR | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | DATE OF BIRTH | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL) | | | | | AGGREGATE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | SSC | | | | |
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | SCI | LIT. ACT | Project Work | OPT SUB | OPT-SUB (Vocational) | |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

**(ii) दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) उत्प्रेषित (Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रप्रत्र:**

| SL. NO. | SCHOOL CODE | SCHOOL / +2 SCHOOL NAME | REGISTRATION NO. & YEAR | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | DATE OF BIRTH | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL) | | | | | AGGREGATE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | SSC | | | | |
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | SCI | LIT. ACT | Project Work | OPT SUB | OPT-SUB (Vocational) | |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

**(iii) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले Sent-up (उत्प्रेषण)/जाँच परीक्षा, 2024 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) परीक्षार्थियों के लिए विहित प्रप्रत्र :**

| SL. NO. | SCHOOL CODE | SCHOOL / +2 SCHOOL NAME | REGISTRATION NO. & YEAR | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | DATE OF BIRTH | GENDER | Non SENT-UP/ABSENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL) | | | | | AGGREGATE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | SSC | | | | |
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | SCI | LIT. ACT | Project Work | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

**(iv) दृष्टिबाधित अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रप्रत्र :**

| SL. NO. | SCHOOL CODE | SCHOOL / +2 SCHOOL NAME | REGISTRATION NO. & YEAR | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | DATE OF BIRTH | GENDER | Non SENT-UP/ABSENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | | | MARKS OBTAINED (INTERNAL ASSEMENT & PRACTICAL) | | | | | AGGREGATE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | SSC | | | | |
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | SCI | LIT. ACT | Project Work | OPT-SUB | OPT-SUB (Vocational) | |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

9. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 का परीक्षाफल **दिनांक 02.12.2025 तक** की अवधि में विद्यालय के प्रधान अथवा उनके विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आपके कार्यालय में जमा किया जाएगा, जिसे प्राप्ति कराना सुनिश्चित करते हुए प्राप्ति रसीद दे देंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र 2025–2026 के लिए मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विधिवत् नामांकित/अध्ययनरत् नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्रा, जिनका ऑनलाईन आवेदन वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने के लिए भरा गया है और किसी कारणवश उस संस्थान की मान्यता/संबद्धता निलंबित/रद्द/वापस ली गई हो तथा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो ऐसे विद्यालयों के परीक्षार्थियों को जिन विद्यालयों के साथ संबद्ध किया गया है अथवा निकट के राजकीय/राजकीकृत विद्यालयों के साथ संबद्ध कर उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)